RAJASTHAN PATRIKA, Delhi, 12.7.2017
Page No. 11, Size:(21.13)cms X (9.27)cms.

मोबाइल से भरें रिटर्न, पैन-आधार को करें लिंक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

नई दिल्ली. इनकम टैक्स भरने वालों को सहुलियत देने के लिए आयकर विभाग ने नया मोबाइल एप आयकर सेतु लॉन्च किया है। इस एप की मदद से आप आसानी से अपना रिटर्न भर सकते हैं। इतना ही नहीं आयकर सेतु ऐप के जरिए आप पैन कार्ड के लिए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आप अपने को आधार से लिंक कर सकते हैं। इसके अलावे आप टीडीएस की जानकारी, टैक्स से जुड़े सवाल, विभिन्न आय पर टैक्स कैलकुलेट और छूट की गणना इस एप से कर सकते हैं।



टैक्स पेयर्स के लिए लाइव सपोर्ट की सुविधा

आयकर सेतु में चैटबोट नाम से एक सुविधा दी गई है जिसमें करदाता टैक्स से जुड़ी किसी भी जानकारी के बारे में सवाल पूछ सकता है। सुबह 10 बजे से लेकर शाम को 6 बजे तक पैन, टैन, टीडीएस, रिटर्न फाइलिंग जैसे सभी मुद्दों पर सवालों के जवाब आप घर बैठे इस मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं।

एप के जरिए कर पाएंगे ये काम

नया पैन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन कर पाएंगे

सुबह 10 से शाम 6 बजे तक लाइव चैट की सुविधा होगी

चैट के जरिए टैक्सपेयर्स अपने सवाल पूछ सकते है

लोग टैक्स एक्सर्ट से लाइव चैट कर सकते हैं

टैक्स पेयर की हर दुविधा का समाधान करेंगे एक्सपर्ट

मोबाइल पर एसएमस के जरिए जानकारी मिलती रहेगी

एप में 8 टैब से मिलेगी जानकारी

आयकर सेतु में 8 टैब दिए गए हैं, टीआरपी, रिटर्न प्रीपरेशन, टैक्स टूल्स, गॉट ए प्रॉब्लेम, पैन/टैन, टीडीएस, टैक्स पेमेंट, और टैक्स ज्ञान। आप अपनी जरूरत के हिसाब से इनमें से किसी एक टैब पर क्लिक कर अपना टैक्स रिटर्न से लेकर पैन कार्ड का आवेदन या आधार से लिंक कर सकते हैं। अगर टैक्स संबंधी जानकारी चाहते है तो भी कर सकते हैं। इस एप को को 73065-25252 पर मिस काल देकर कर सकते हैं।